महत्वपूर्ण एवं खास

हड़ताल कर रहे राजस्व विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग: अधिवक्ता संघ

कोरबा (आरएनएस)। वकीलों और राजस्व विभाग का विवाद गहराता जा रहा है। आज अधिवक्ता संघ ने सिटी कोतवाली की रामपुर पुलिस चौकी में आवेदन देकर कोरबा में हड़ताल कर रहे राजस्व विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने के आरोप में अपराध दर्ज करने की मांग की है। अधिवक्ताओं के अनुसार राजस्व विभाग के अधकारियों कर्मचारियों द्वारा बिना किसी सूचना के 3 दिवसीय तालाबंदी से जनाक्रोश व्याप्त है। जन सामान्य को हो रही असुविधाओं को देखते हुए आज अधिवक्ता संघ ने रामपुर पुलिस चौकी में एक आवेदन देकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की बात को लेकर प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। पुलिस चौकी में ज्ञापन सौंपने के समय अशोक तिवारी, गणेश कुलदीप, अनीश सक्सेना, ममता दास, चंद्रदीप शर्मा, राजकुमार अज्ञेय, संजय जायसवाल, सुधीर निगम, कमल श्रीवास्तव, मानसिंह यादव, सुरेश शर्मा, आर बी सोनी, रंजना दत्ता, रामकिशोर, प्रेमलता राठौर, ओ श्रीनिवास, राजेश्वरी राठौर, बसंती सौंधिया सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

कोलेमकोंटा के पहाड़ी में हुई मुठभेड़ की होगी दण्डाधिकारी जांच: 25 तक मंगाए जांच के साक्ष्य

सुकमा (आरएनएस)। ग्राम जैमेर के उपग्राम कोलेमकोण्टा के पहाड़ी में 17 जनवरी 2022 को पुलिस और नक्सली के बीच हुई मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच के आदेश दिए गए हैं। इसकी जांच के लिए इसका दायित्व अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा सु प्रीति दुर्गम को सौंपा गया है। जांच अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में किसी प्रकार की मौखिक व लिखित साक्ष्य 25 फरवरी शाम 5 बजे तक स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अनुविभागीय कार्यालय सुकमा में उपस्थित होकर या पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

पांच किलो वजनी कूकर बम बरामद कर किया निष्क्रीय

कोंड़ागांव (आरएनएस)। जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के बावनीमारी गांव के निकट जंगल में पुलिस ने 05 किलो वजनी कूकर बम बरामद किया है, जिसे बम डिस्पोजल दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया है। केशकाल पुलिस अधिकारी भुपत सिंह ने बताया कि आज सुबह-सुबह सीआरपीएफ एवं बीडीएस की संयुक्त गश्ती टीम पहाड़ी वनमारी अनुविभागीयक्षेत्र में सर्चिंग के लिए रवाना की गयी थी, जहां कुछ संदिग्ध लगने जैसी वस्तु जमीन के नीचे दबी नजर आई, गश्ती दल ने तुरंत ही संदिग्ध स्थान पर सावधानी से खेजबीन किया तो जमीन के नीचे दबा 05 किलो वजनी कुकर बम बरामद हुआ, जिसे सीआरपीएफ ने बीडीएस टीम की मदद से वहीं निष्क्रीय कर दिया।

तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदारों का धरना जारी

बलरामपुर (आरएनएस)। कनिष्ठ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का प्रतिनिधि संघ जिला रायगढ़ अंतर्गत न्यायालय परिसर में मारपीट एवं अभद्र व्यवहार पर प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर जिला मुख्यालय में हनुमान मंदिर पानी टंकी के बाजू में 14 फरवरी से प्रारंभ अनिश्चितकालीन हड़ताल आज भी जारी रहा जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार आज भी धरने पर बैठे रहे। 14 फरवरी से जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के अनिश्चितकालीन धरने पर चले जाने से तहसील के कामकाज ठप पड़ गए हैं प्रतिदिन सैकड़ों लोग तहसील में आ रहे हैं परंतु तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है कार्य नहीं हो पा रहा है।

तालाब खुदाई में मिली योग नृसिंह की विरल प्राचीन मूर्ति रायपुर के घासीदास स्मारक संग्रहालय लायी गई

- लाल बलुआ पत्थर से निर्मित यह मूर्ति 4थी-5वीं सदी की आंकी जा रही है
- खनन के दौरान गुप्तकालीन मृदभांड भी मिला

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुम्हारी में तालाब गहरीकरण के दौरान प्राप्त योग नृसिंह की विरल प्राचीन मूर्ति को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा रायपुर के घासीदास स्मारक संग्रहालय में लाई गई है। योग नृसिंह की यह प्राचीन मूर्ति लाल बलुआ प्रस्तर से निर्मित है और 4थी-5वीं सदी ईसवी की आंकी जा रही है। तालाब खनन के दौरान गुप्तकालीन पात्र परंपरा के मृदभांड भी पाए गए हैं।

खनन के दौरान गुप्तकालीन मृदभांड-गौरतलब है कि 15 फरवरी को सोशल मीडिया में प्रसारित ग्राम कुम्हारी जिला रायपुर से खुदाई में दौरान नरसिंह की प्राचीन प्रतिमा मिलने की खबर के आधार पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने विभागीय अधिकारियों की टीम बनाकर प्राप्त प्रतिमा और उसके प्राप्ति स्थल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उप संचालक डॉ. पी.सी. पारख के नेतृत्व में पुरातत्त्ववेत्ता प्रभात कुमार सिंह, उत्खनन सहायक प्रवीन तिर्की की टीम कुम्हारी पहुँची और मूर्ति एवं प्राप्ति स्थल का मुआयना किया। सरपंच तेजराम साहू ने अधिकारियों को बताया कि बस्ती के उत्तर में बघधरा नामक देवस्थल के पास स्थित भाठा जमीन पर ग्राम पंचायत द्वारा तालाब निर्माण के उद्देश्य से मनरेगा के तहत की जा रही खुदाई के दौरान यह मूर्ति प्राप्त हुई है, जिसे पंचायत भवन में रखा गया है। विभागीय टीम को उक्त स्थल के निरीक्षण के दौरान गुप्तकालीन पात्र परंपरा के मृदभांड भी देखने को मिला।

खनन के दौरान गुप्तकालीन मृदभांड- पुरातत्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्राचीन मूर्ति की पहचान योग नृसिंह के रूप में की गई है। यह अनूठी और विरले प्राप्त होने वाली मूर्ति है। इसे नृसिंह अथवा शांत नृसिंह भी कहा जाता है। ऐसी मुद्रा में देवता अकेले शांत बैठे हुए प्रदर्शित किये जाते हैं। आमतौर पर हिरण्यकश्यप का वध करते (पेट फाड़ते) हुए नृसिंह मूर्ति बहुतायत में मिलती है, लेकिन नृसिंह की इस रूप की प्रतिमा का शिल्पांकन अपेक्षाकृत कम हुआ है। लाल बलुआ प्रस्तर निर्मित इस मूर्ति का आकार 18ग12.5ग02 सेंटीमीटर है, जिसका निचला भाग अंशत: खण्डित है। मूर्ति की बनावट, प्रतिमालक्षण और प्राप्ति स्थल से ज्ञात पात्र-परंपरा के आधार पर इसकी तिथि लगभग 4थी-5वीं सदी ईसवी आंकी जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों एवं पंचों से चर्चा उपरांत तालाब गहरीकरण के दौरान प्राप्त मूर्ति को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए सरपंच से प्राप्त कर रायपुर लाया गया है। संचालक द्वारा नृसिंह मूर्ति को महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में सुरक्षित एवं संरक्षित करने का निर्देश संग्रहाध्यक्ष को दिया गया है।

नृसिंह देवता की अनूठी शिल्पाकृति को पुरातत्व विभाग को सौंपने की कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अतुल विश्वकर्मा, आरंग के थाना प्रभारी एल.डी. दीवान सहित उप सरपंच पोखनलाल, डॉ. नंद कुमार, फुलेश्वर साहू, आशाराम साहू और सुरेश साहू का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

जांजगीर-चांपा जिले की सिंचाई परियोजनाओं के लिए 24 करोड़ रूपए स्वीकृत

- 18 हजार 800 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मिलेगी सिंचाई सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने जांजगीर-चांपा जिले में विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 24 करोड़ 12 लाख 48 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। योजनाओं के पूरा होने से अठारह हजार आठ सौ इक्यान्बे हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड-जैजैपुर अंतर्गत लोकलनाला पर कंचनपुर स्टापडेम निर्माण के लिए एक करोड़ 99 लाख 92 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 58 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जिले के हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत घोघरा वितरक नहर के क्षतिग्रस्त सी.सी लाईनिंग का पुननिर्माण कार्य, कोलाबा फिक्सिंग एवं फिलिंग रीच में टो-वाल का निर्माण कार्य तथा मिट्टी का कार्य के लिए एक करोड़ 23 लाख 14 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 1104 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-सक्ती अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के सक्ती शाखा नहर के अंतर्गत सरहर माईनर, लछनपुर माईनर, दर्री माईनर, भागोडीह माईनर एवं दुरपा माईनर के नहरों के सी.सी लाईनिंग एवं फिलिंग क्षेत्र में टो-वाल निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 97 लाख 47 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 1118 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-सक्ती अंतर्गत हसदेव बांगो परियोजना के अंतर्गत पुटेकेला उप वितरक नहर के क्षतिग्रस्त सी.सी. लाईनिंग पुननिर्माण कार्य, कोलाबा फिक्सिंग एवं फिलिंग रीच में टो-वाल का निर्माण कार्य तथा मिट्टी का कार्य के लिए एक करोड़ 71 लाख 52 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 573 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जिले के खरसिया शाखा नहर के कुरदा वितरक नहर अंतर्गत लीमगांव माईनर, पीहरीद माईनर नवागांव माईनर रबेली माईनर में क्षतिग्रस्त सी.सी. लाईनिंग एवं केनाल बैंक रेजिंग कार्य के लिए दो करोड़ 60 लाख 69 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 3968 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जिले के विकासखण्ड-डभरा अंतर्गत खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर के माईनरों का रिनोवेशन कार्य के लिए दो करोड़ 96 लाख 57 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 4652 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जिले के विकासखण्ड-डभरा अंतर्गत खरसिया शाखा नहर के सिंघरा वितरक नहर के धुरकोट उपवितरक नहर के अंतर्गत माईनरों का रिनोक्शन कार्य के लिए दो करोड़ 98 लाख 29 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 6636 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जिले के विकासखण्ड-सक्ती की कोतरी नाला पर अचानकपुर स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 72 लाख 59 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कस्टम मिलिंग के लिए धान के उठाव में तेजी

- डीओ और टीओ के माध्यम से 75.20 लाख मीटरिक टन धान का हो चुका है उठाव
- केन्द्रीय पुल में 20.59 लाख मीटरिक टन चावल जमा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप धान खरीदी के पश्चात कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। गुरूवार शाम 4 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार मिलर्स द्वारा डीओ और टीओ के माध्यम से 75.20 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ राज्य केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम कर रही है। अब तक 20.59 लाख मीटरिक टन केन्द्रीय पूल में गुणवत्तायुक्त चावल जमा करा चुके हैं। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 11.33 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 9.26 लाख मीटरिक टन जमा चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 75.20 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 61 लाख 62 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 55 लाख 39 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है।

गांजा तस्करी करते दो महिला सहित तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 36 किलों गांजा जब्त

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में 36 किलों गांजे के साथ दो महिला सहित कुल तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित न्यू बस स्टैंड में तीनों आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा।

बताया जा रहा है कि आरोपी एक परिवार की शक्ल में गांजा को ओडिशा से छतरपुर मध्यप्रदेश ले जा रहे थे, पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 3 लाख कीमत का 36 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने ओडिशा की महिला तस्कर महेंद्री विशोई और वहीं के मनोज मल्लिक को पकड़ा है। जबकि दूसरी महिला धनमती पटेल छतरपुर की रहने वाली है।तस्कर ओडिशा से रायपुर आने वाली बस के रास्ते आईएसबीटी पहुंचे थे। इसके बाद वह मध्यप्रदेश के लिए बस की तलाश कर रहे थे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है मुखबिर के बताए हुलिए के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए एक पुरुष और दो महिला को तलाश कर टीम के सदस्यों द्वारा उनसे बातचीत करने पर वे भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया।फिलहाल सभी आरोपियों के खिलाफ थाना टिकरापारा में नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्जकर जेल भेज दिया है।

विधानसभा सत्र के लिए लगे प्रश्नों का आकड़ा एक हजार पार

- सत्र हंगामेदार होने की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र भारी हंगामेदार हो सकता है। सत्र के लिए विधायकों द्वारा बढ़-चढक़र प्रश्न लगाए जा रहे है। 16 फरवरी तक सत्र के लिए लगाए गए प्रश्नों का आकड़ा एक हजार पार हो चुका है।

बजट सत्र इस बार 07 मार्च से प्रारंभ होने जा रहा है, जो 25 मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान कुल 13 बैठकें होंगी। कोरोना काल में इस बार भी सत्र जरूर सिर्फ 13 दिनों के लिए बुलाया गया है, लेकिन फिर भी सत्र भारी हंगामेदार होने की संभावना है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा सहित अन्य विपक्षी दल के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायकगण भी सत्र को लेकर प्रश्न बढ़-चढक़र लगा रहे है। 16 फरवरी की स्थिति तक सत्र के लिए कुल 1034 प्रश्न लगाए जा चुके है, जिनमें ऑफलाईन 167 एवं 867 ऑनलाईन प्रश्न लगाए गए है। ऑफलाईन में तारांकित 87 एवं अतारांकित 80 प्रश्न है, जबकि ऑनलाईन में 454 तारांकित एवं 413 अतारांकित प्रश्न है। विधायकों की सुविधा के लिए सत्र के लिए ऑनलाईन प्रश्न लगाने की सुविधा इस सत्र से ही शुरू किया गया है, जिसका फायदा विधायकों को मिल रहा है। विधायक घर में बैठे-बैठे अब सत्र के लिए प्रश्न ऑनलाईन लगा रहे है।

सत्र को लेकर विपक्षी दल भाजपा की जल्द ही विधायक दल की बैठक बुलाई जा सकती है, जिसमें सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। यह बैठक नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की उपस्थिति में होगी। बैठक में भाजपा विधायकों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के अलावा पूर्व मंत्री व पूर्व विधायकों को भी बुलाया जा सकता है।

ज्ञात हो कि प्रदेश में कवर्धा, जगदलपुर और फिर रायपुर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ हुई घटनाओं को लेकर भाजपा ने विशाल धरना-प्रदर्शन किया है, उसके बाद लग रहा है कि सत्र के दौरान इन मुद्दों को लेकर भाजपा विधानसभा में हंगामा कर सकती है।

इसके अलावा किसानों से जुड़े मुद्दे, प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, धान की खरीदी, बोनस, प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा, खाद की कमी सहित अन्य कई मुद्दो पर कांग्रेस सरकार को घेरने का प्रयास विपक्षी दल द्वारा किया जा सकता है।

एटीएम कार्ड के आधार पर पकड़ा गया किशोरी को भगाने वाला

कोरबा (आरएनएस)। नाबालिक को भगाने के बाद युवक कई स्थान पर पुलिस से बचने छुपता रहा। पुलिस ने नाबालिक को मध्य प्रदेश के शहडोल से बरामद किया, पर भनक लगते हुए युवक फरार हो गया। एटीएम कार्ड के आधार पर पुलिस ने आरोपित को घटना के आठ माह बाद रायपुर के मांढर से गिरफ्तार किया।

मामला दीपका थाना अंतर्गत 27 जून को सामने आया। दीपका पुलिस में एक नाबालिक के पिता ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रमोद कुमार गोस्वामी 24 साल निवासी जांजगीर चांपा पर संदेह जताया। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना में लिया। जांच के दौरान सितंबर 2021 में मोबाइल के आधार पर आरोपित का लोकेशन मध्य प्रदेश के शहडोल में मिला, तब पुलिस टीम गठित कर आरोपित को गिरफ्तार भेजा गया। जानकारी मिलने पर आरोपित प्रमोद शहडोल से फरार हो गयाए पर पुलिस ने नाबालिक को बरामद कर लिया। जिसे स्वजनों के सुपुर्द कर दिया और पुन: आरोपित की पतासाजी में जुट गई। प्रमोद ने पकड़ाने के डर स अपना मोबाइल व सीम बंद कर दिया और रायपुर के मांढर में स्पंज आयरन की फैक्ट्री में काम करने के साथ वहीं रहने लगा। इस बीच पुलिस ने उसके घर जांजगीर-चांपा में कई बार दबिश दी, पर वह नहीं मिला। तब पुलिस ने आरोपित का बैंक डिटेल की जानकारी जांजगीर से लिया। इसमें उसका एसबीआइ बैंक जांजगीर में खाता मिला उसके खाते का एटीएम कार्ड का डिटेल निकालने पर पता चला कि प्रमोद रायपुर के ग्राम मांढर स्थित एक पांडेय किराना स्टोर से कई बार अपना एटीएम स्वाईप कराया है। इसके आधार पर 15 फरवरी को एक पुलिस टीम मांढर भेजी गई और पांडेय किराना स्टोर पहुंच कर स्टोर में लगे कैमरे से आरोपी की फोटो निकालकर आसपास के क्षेत्रों में पता तलाश की गई। तब आरोपित का निवास स्थल का पता चला। सिविल ड्रेस में पुलिस आरोपित का इंतजार करने लगी। प्रमोद अपनी रात ड्यूटी पूरी कर सुबह अपने घर आया तो पुलिस ने पकड़ लिया। धारा 363, 366, 376, 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते आरोपित प्रमोद को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

राजिम माघी पुन्नी मेला का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने किया शुभारंभ

- आपसी प्रेम और सदभाव के साथ मिलकर गढ़ेंगे नवा छत्तीसगढ: विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत
- राजिम माघी पुन्नी मेले का लौटा पुरातन गौरवशाली स्वरूप: धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज के नाम से सुशोभित राजिम में 15 दिनों तक चलने वाले राजिम माघी पुन्नी मेला का विधिवत शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कल रात भगवान राजीवलोचन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर और पूजा अर्चना कर किया। डॉ. महंत महानदी आरती में भी शामिल हुए।

दीप प्रज्जवलित कर और पूजा अर्चना- इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, वाणिज्यिक कर एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधायक धनेंद्र साहू, राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, रायपुर विकास प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष धुप्पड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि तथा श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजिम मेला को पुरातन संस्कृति के अनुरूप पुन्नी मेला के रूप में स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू को बधाई दी। डॉ महंत ने कहा कि राज्य के लोगो के आपसी प्रेम और सद्भाव, एकता और भाई-चारे के साथ हम सब मिलकर नवा छत्तीसगढ़ गढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि राजिम माघी पुन्नी मेला हमें आपसी प्यार और सद्भाव का संदेश देता है। इस तीर्थ स्थान में साधु, संत महात्मा के सतसंग और उनके द्वारा दी गई सीख और आशीर्वाद को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ में हर चीज बेहतर हो इसके लिए मिलकर नवा छत्तीसगढ गढऩा है। उन्होंने आज हुई दुर्घटना में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

दीप प्रज्जवलित कर और पूजा अर्चना- इस अवसर पर धर्मस्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मेला का स्वरूप पहले बदल गया था, जिसे पुन: स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आते ही पहला विधेयक राजिम माघी पुन्नी मेला का लाया था और गजेटियर के अनुसार इसे पुन्नी मेला का नाम दिया गया। मेला का स्वरूप सुंदर हो, यहां के इतिहास, संस्कृति, रहन सहन का समावेश करने का प्रयास किया जा रहा है। सबके सहयोग से पुन्नी मेला के आयोजन का यह चौथा वर्ष है। राज्य के विकास का आधार हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि राज्य की पुरातन संस्कृति का संरक्षण किया जाए।